गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0)

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No. 25 of 2009)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 नं. 25 के अन्तर्गत स्थापित)

Phone No. 07752-260017 website-www.ggu.ac.in

क्रमॉक 143 / स्था. / प्रशा. / 2022 बिलासपुर, दिनॉक 18/01/2022

कार्यालयीय ज्ञाप

समस्त शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों / शोधार्थियों / छात्र–छात्राओं को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष की भांति दिनांक 26 जनवरी, 2022 को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित होगा। इस वर्ष कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतना आवश्यक होगा, तथा भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन एवं स्थानीय प्रशासन के कोविड–19 से बचाव हेतु जारी समस्त निर्देशों का पालन एवं उपाय करने होंगे। इस पावन दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं अन्य कार्यक्रम निम्नानुसार विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सम्पन्न होंगे :–

01. प्रातः 8.00 बजे पूज्यनीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र में माल्यार्पण कुलपति महोदय एवं कुलसचिव जी द्वारा।
02. प्रातः 8.05 बजे ध्वजारोहण कुलपति महोदय द्वारा।
03. प्रातः 8.07 बजे राष्ट्रगान।
04. प्रातः 8.10 बजे कुलपति महोदय का उद्बोधन।
05. प्रातः 8.25 बजे कुलसचिव जी द्वारा आभार प्रदर्शन।
06. प्रातः 8.30 बजे कार्यक्रम समापन की घोषणा, तत्पश्चात् प्रसाद वितरण।

कार्यक्रम संचालन–डॉ. माधवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा।

यह भी सूचित किया जाता है कि इस अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम एक ही स्थान, अर्थात् विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन प्रांगण में ही सम्पन्न होगा। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, विभाग प्रमुख / अधिकारियों से अनुरोध है कि दिनांक 26 जनवरी, 2022 को प्रातः 7:45 बजे तक अनिवार्य रूप से समारोह स्थल में उपस्थित होने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय के अन्य सभी शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों इत्यादि से अनुरोध है कि वे अपने निकटतम स्थान पर ध्वजारोहण में शामिल होने हेतु स्वतंत्र है।

विभिन्न सावधानियों को दृष्टिगत रखते हुए अतिथियों की सीमित संख्या, बैठक व्यवस्था में सामाजिक / व्यक्तिगत् दूरी का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए तथा मास्क पहनना इत्यादि एहतियाति निर्देशों का पालन अनिवार्यता सुनिश्चित किया जाए।

आदेशानुसार,

कुलसचिव (कार्यवाहक)

पृ.क्र.144 / स्था. / प्रशा. / 2022 बिलासपुर, दिनॉक 18/01/2022

प्रतिलिपिः

01. कुलपति महोदय के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
02. डॉ. माधवेन्द्रनाथ त्रिपाठी, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
03. विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी / शोधार्थियों / छात्र एवं छात्राओं की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
04. विश्वविद्यालय के समस्त अनुभाग अधिकारी / कक्ष अधिकारी / प्रभारी की ओर अग्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अनुभाग / कक्ष के समस्त कर्मचारी सहयोगियों को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की सूचना अनिवार्यतः दें।
05. विशेष कर्तव्यस्थ आधिकारी, (यांत्रिकी),प्रभारी, वि.वि.यंत्री, यांत्रिकी विभाग की ओर पूर्व वर्ष अनुसार ध्वजारोहण स्थल में आवश्यक कार्यवाही समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ प्रेषित।
06. संचालक, शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में श्री मनीष पाण्डेय एवं श्री भोजराम रावटे, ध्वजारोहण स्थल एवं बाबा गुरू घासीदास जी के प्रतिमा हेतु फूल–माला एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था पूर्व वर्षो की भांति समारोह स्थल पर करेंगे।
07. प्रसाद का वितरण कुलपति / कुलसचिव कार्यालय एवं अधिष्ठाता छात्रकल्याण कार्यालय द्वारा किया जायेगा।
08. समस्त सूचना पटल।
09. कार्यालय प्रति।

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)